पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
&&&&&&

dkjkxkj esa v'kDr dSfn;ksa ds fy;s jktHkou nks bZ&fjD'kk nsxk

&&&&

jkT;iky us xkS'kkyk esa xk;ksa dks dsyk o xqM+ f[kykdj fd;k Lusfgy Li'kZ

&&&&&

jkT;iky us dsUnzh; dkjkxkj esa dSfn;ksa ds fofHkUu mRiknksa dk voyksdu fd;k

&&&&&

लखनऊ : 6 जनवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने तीन दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान द्वारा बुधवार को वाराणसी जनपद स्थित केंद्रीय कारागार निरीक्षण किया गया। उन्होंने केन्द्रीय कारागार में स्थापित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहीं पर लगे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मृति स्तम्भ के बारे में जेल अधीक्षक द्वारा राज्यपाल को जानकारी दी गई।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पूछे जाने पर कि अशक्त और वृद्ध कैदियों को यदि जेल से बाहर किसी कारण ले जाना हो तो बैरक से जेल के मुख्य द्वार तक कैसे लाया जाता है। जेल अधीक्षक के बताने पर कि बैरक से पैदल ही लाया जाता है। इतना सुनते ही उन्होंने कहा कि जेल में दो ई–रिक्शा की व्यवस्था की जाय जो राजभवन के व्यय भार पर इस कार्य में उपयोग किये जायेंगे। जेल में स्थित गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को केले और गुड़ आदि खिलाया और स्नेहिल स्पर्श दिया।भ्रमण के दौरान जेल के कैदियों से भी मुलाकात की और विभिन्न विधा में निपुण कारीगरों के उत्पाद का अवलोकन किया। बेकरी के उत्पाद, फर्नीचर में गवर्नर चेयर, तौलिया गमछा के साथ साथ कैदियों द्वारा उत्पादित सब्जियां आदि को भी देखा।

———–

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (112/9)

बंदियों द्वारा निर्मित उत्पाद
काष्ठ
बंदियों द्वारा निर्मित उत्पाद
दरी/बुनाई
बेकरी